राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0

भवन सं0–23, सेक्टर–7, गोमतीनगर विस्तार, (निकट डायल–112, शहीद पथ),लखनऊ–226002
दूरभाष सं0 0522–2838081, 2838082
Website-sudaup.org, Email : pmusuda@gmail.com

पत्रांक– 3730 /15/76/एक/2020–21 दिनांक–20 जनवरी 2022

सेवा में,

1–आवास आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ।

2–उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण–आगरा, अलीगढ, अयोध्या, बरेली, बुलन्दशहर, फिरोजाबाद, गाजियाबाद, गोरखपुर, हापुड–पिखुआ, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, प्रयागराज, रायबरेली, रामपुर, उन्नाव–शुक्लागंज एवं वाराणसी।

3–नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ।

विषय– **प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के घटक भागीदारी में किफायती आवास (ए0एच0पी0) हेतु शून्य बैलेन्स से एचडीएफसी बैंक की शाखा में नया बचत खाता खोले जाने के सम्बन्ध में।**

महोदया,

कृपया वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन के पत्रांक 6/2021/बी–1–499/ दस–2021 दिनांक 24 जून 2021 के अनुक्रम में नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन के पत्रांक 1632/69–1–2021–14 (68)/2021 दिनांक 27 जुलाई 2021 के द्वारा केन्द्र पुरोनिधानित योजना प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी हेतु सिंगल नोडल एजेन्सी (एसएनए) के रूप में अग्रेतर बैंक की सुविधाओं हेतु एचडीएफसी बैंक को सिंगल नोडल एजेन्सी के एकाउन्ट हेतु अधिकृत किया गया है। तदक्रम में सिंगल नोडल एजेन्सी (एसएनए) का बचत खाता एचडीएफसी बैंक, महात्मागांधी मार्ग लखनऊ में खोला गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी हेतु सिंगल नोडल एजेन्सी (एसएनए) एकाउन्ट के अन्तर्गत भागीदारी में किफायती आवास (ए0एच0पी0) हेतु सहायक खाता (Subsidiary Account) एचडीएफसी बैंक की ही शाखा में शून्य बैलेन्स से खाता खोला जाना है।

अतः आपसे अनुरोध है कि एचडीएफसी बैंक की शाखा में शून्य बैलेन्स से प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के नाम से एक नया बचत खाता खोलवाने का कष्ट करें एवं खाता संख्या, आईएफएससी कोड़, ब्रान्च का नाम एवं पता की सूचना भी अभिकरण को 03 दिवस में उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे भागीदारी में किफायती आवास (ए0एच0पी0) में धनराशि अवमुक्त की जा सके।

भवदीया,

20.1.22

(यशु रूस्तगी)
निदेशक

पत्रांक एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।

2–निदेशक, आवास बन्धु, जनपथ मार्केट, लखनऊ।

3–श्री अनुभव मिडडा, क्षेत्रीय प्रबन्धक, एचडीएफसी बैंक, लखनऊ को सम्बन्धित प्राधिकारणों की सूची संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी हेतु सिंगल नोडल एजेन्सी (एसएनए) एकाउन्ट के अन्तर्गत सहायक खाता (Subsidiary Account) खोले जाने हेतु सम्बन्धित प्राधिकरणों से समन्वय स्थापित करने हेतु शाखा प्रबन्धकों को निर्देशित करने का कष्ट करें साथ ही अपने स्तर से अनुश्रवण भी सुनिश्चित करें।

(यशु रूस्तगी)
निदेशक